गुरू नानक जयंती समारोह 2019

आज 11 नवंबर 2019 को मोन्टफोर्ट प्रांगण में गुरू नानक जी की 550वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई । इसमें कक्षा दसवीं के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ कक्षा दसवीं 'द' की कक्षाध्यापिका श्रीमती समता चावला द्वारा गुरू नानक जी के परिचय के साथ हुआ। सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थनागीत गाया गया तत्पश्चात् गुरू नानक जी द्वारा दी गई विभिन्न शिक्षाओं से सभी को परिचित करवाया गया। विद्यार्थियों द्वारा गुरू नानक जी के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं को नाटिका के रूप बहुत ही सुदंर ढंग से दिखाया गया तथा एक मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर 'प्रभात फेरी', 'नगर कीर्तन' तथा 'गतका' को भी दर्शाया गया। जिसे सभी द्वारा बहुत सराहा किया गया । कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के बधाई संदेश के साथ हुआ।